राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की राजस्थान दिवस पर शुभकामनाएं

जयपुर, 29 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान दिवस (30 मार्च) के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि राजस्थान का इतिहास केवल तिथियों से ही नहीं जुड़ा है बल्कि यहां की आन–बान और शान की गौरव गाथाओं को अपने में सहेजे हुए है। यहां की संस्कृति, जीवन और संपूर्ण परिवेश ही प्रणम्य है। स्थापना के बाद से प्रदेश ने विकास के नित्य नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से प्रदेश के चहुंमुखी विकास का संकल्प लेने और इसे इसे देश का अग्रणी राज्य बनाने में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

——